नामांक Roll No.

No. of Questions – **38**

No. of Printed Pages – **7**

V-106 (Supp.)

व्यावसायिक शिक्षा (कक्षा–X) पूरक परीक्षा, 2018

लेवल – द्वितीय

विषय – यात्रा व पर्यटन

समय : 2 घण्टे 15 मिनट

पूर्णांक: 30

परीक्षार्थियों के लिए सामान्य निर्देश :

(1) परीक्षार्थी सर्वप्रथम अपने प्रश्न–पत्र पर नामांक अनिवार्यत: लिखें ।

(2) **सभी** प्रश्न हल करने अनिवार्य हैं ।

(3) प्रत्येक प्रश्न का उत्तर दी गई उत्तर–पुस्तिका में निर्धारित शब्द–सीमा में लिखें ।

(4) प्रश्न संख्या 1 से 10 तक (बहुविकल्पीय प्रश्नों) के उत्तर तालिका बनाकर उत्तर–पुस्तिका में लिखें ।

(5) प्रश्न संख्या 11 से 30 तक एक पंक्ति में उत्तर लिखें ।

(6) प्रश्न संख्या 31 से 36 तक दो से चार पंक्तियों में उत्तर लिखें ।

(7) प्रश्न संख्या 37 एवं 38 के उत्तर दो पृष्ठों तक लिखें ।

खण्ड – अ

I. सही विकल्प चुनें : **(10 × ½ = 5 अंक)**

1. यात्रियों की संख्या को क्या कहा जाता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) पैक्स (PAX) (ब) ई.एम.टी. (EMT)

(स) फीट (FIT) (द) गीट (GIT)

2. निम्न में से किस प्लान में कमरे का किराया + अमेरिकी नाश्ता होता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) जंगल योजना (ब) यूरोपीय योजना

(स) बरमुडा योजना (द) अमेरिकी योजना

3. सुंदरवन नेशनल पार्क कहाँ स्थित है ? $\frac{1}{2}$

(अ) असम (ब) पश्चिम बंगाल

(स) राजस्थान (द) उत्तराखण्ड

4. इंडियन प्रीमियर लीग किस इवेंट आधारित पर्यटन उत्पादों की श्रेणी में आता है ? $\frac{1}{2}$

(अ) सांस्कृतिक (ब) खेल

(स) पर्यटन (द) व्यापारिक

5. निम्नलिखित में से कौन सा व्यक्तित्व में आनुवंशिक निर्धारक नहीं है ? $\frac{1}{2}$

(अ) शरीर निर्माण (ब) स्वास्थ्य

(स) शारीरिक दोष (द) बुद्धि

6. "निराशावाद कमज़ोरी की ओर ले जाता है, आशावाद शक्ति की ओर" यह कथन किसका है ? $\frac{1}{2}$

(अ) विलियम जेम्स (ब) जुलियस सीजर

(स) जॉन सिना (द) डोनाल्ड ट्रम्प

7. पर्यटन उद्योग में किस प्रकार के कपड़े आम है ? $\frac{1}{2}$

(अ) बिजनेस फॉर्मल्स (ब) बिजनेस केज्युअल

(स) उपरोक्त दोनों (द) उपरोक्त में से कोई नहीं

8. ग्रूमिंग का मतलब है : $\frac{1}{2}$

(अ) मुखौटा लगाना (ब) साफ सुथरा दिखना

(स) टैटू बनवाना (द) इनमें से कोई नहीं

9. फोन कॉल से निपटने के लिए महत्त्वपूर्ण पहलू है : $\frac{1}{2}$

(अ) कॉल करना (ब) संदेश देना

(स) संदेश लेना (द) उपरोक्त सभी

10. फोन कॉल का जवाब देते समय _______ चाहिए । $\frac{1}{2}$

(अ) खाँसना (ब) मुस्कराना

(स) चिल्लाना (द) उपरोक्त सभी

खण्ड – ब

II. रिक्त स्थान भरें : **(10 × $\frac{1}{2}$ = 5 अंक)**

11. जब किसी होटल में कमरे उपलब्ध नहीं होते तो ये ________ के रूप में जाना जाता है । $\frac{1}{2}$

12. पुष्कर का मेला ________ राज्य में होता है । $\frac{1}{2}$

13. भारत में विश्व विरासत के कुल ________ स्थान है । $\frac{1}{2}$

14. कत्थक ________ राज्य का क्लासिकल नृत्य है । $\frac{1}{2}$

15. हम हमारे शब्दों में झूठ बोल सकते है लेकिन हमारे ________ उन्हें दर्शाती हैं । $\frac{1}{2}$

16. जब हम खुद को आधिकारिक दर्शाते हैं तब हमारा सिर ________ स्थिति में होता है । $\frac{1}{2}$

17. ________ बॉडी लैंग्वेज की सबसे ज्यादा व्याख्या करने वाले शरीर के अंगों में से एक है । $\frac{1}{2}$

18. इंटरव्यू में बाँहं को ________ नहीं करना चाहिए । $\frac{1}{2}$

19. मुँह का सबसे भाववाहक हिस्सा ________ है । $\frac{1}{2}$

20. जब हम अनुकूल और सुनने की स्थिति में होना चाहते हैं तब सिर ________ स्थिति में होता है । $\frac{1}{2}$

III. सही या गलत का चयन कीजिए : **($10 \times \frac{1}{2} = 5$ अंक)**

21. स्वीमिंग पुल से सटा कमरा लनाई कहलाता है । $\frac{1}{2}$

22. केवलादेव नेशनल पार्क राजस्थान में है । $\frac{1}{2}$

23. अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेला खेल–इवेंट है । $\frac{1}{2}$

24. एसेल वर्ल्ड और वाटर–किंगडम थीम पार्क उत्पाद हैं । $\frac{1}{2}$

25. पेर्सोना शब्द का अर्थ है मुखौटा । $\frac{1}{2}$

26. यह आवश्यक है कि किसी संस्कृति से संबंधित सभी लोगों की व्यक्तित्व विशेषता एक जैसी है । $\frac{1}{2}$

27. "अनुभव सब बातों का शिक्षक है।" यह कथन जुलियस सीजर का है। $\frac{1}{2}$

28. सकारात्मक रवैया हमारे उत्साह में वृद्धि करता है। $\frac{1}{2}$

29. विभिन्न संस्कृति में पैदा हुए लोगों के व्यक्तित्व विभिन्न प्रकार से विकसित होते हैं। $\frac{1}{2}$

30. नौकरी पाने के लिए 85% मामलों में मुख्य प्रेरणा शक्ति तकनीकी ज्ञान और 15% रवैया है। $\frac{1}{2}$

खण्ड – स

IV. **दो से चार** पंक्तियों में उत्तर दीजिए : **($6 \times 1\frac{1}{2} = 9$ अंक)**

31. घरेलू पर्यटक से आप क्या समझते हैं ? $1\frac{1}{2}$

32. विदेश यात्रा में यात्रा बीमा का क्या महत्त्व है ? $1\frac{1}{2}$

33. पर्वतीय पर्यटन की गतिविधियों का विवरण दें। $1\frac{1}{2}$

34. मरुस्थलीय पर्यटन से आप क्या समझते हैं ? उदाहरण के साथ समझाइए। $1\frac{1}{2}$

35. संवरने का सामान्य सुझाव बताइए । **$1\frac{1}{2}$**

36. व्यक्तित्व विकास से आप क्या समझते हैं ? **$1\frac{1}{2}$**

खण्ड – द

V. दो पृष्ठों तक में उत्तर दीजिए : **(2 × 3 = 6 अंक)**

37. सकारात्मक बॉडी लैंग्वेज को दर्शाने के लिए शरीर के किन क्षेत्रों पर काम करना चाहिए ? विस्तार से समझाइए । **3**

अथवा

"फर्स्ट इम्प्रेशन इज दी लास्ट इम्प्रेशन" इस वाक्य का महत्त्व अपने व्यक्तित्व के दो पहलू (पोशाक एवं संवरना) के साथ समझाइए ।

38. पर्यटन उत्पादों का वर्गीकरण करें । मनुष्य आधारित पर्यटन उत्पाद का विवरण दें । **3**